OFFICE OF THE CONTROLLER OF EXAMINATIONS
UDAI PRATAP COLLEGE, VARANASI
(AN AUTONOMOUS INSTITUTION)

दिनांकः 21.01.2020

सूचना

उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेज,वाराणसी
अल्प-अवधि निविदा सूचना

उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेज, वाराणसी में निम्नलिखित मुद्रण कार्यों एवं आपूर्ति हेतु प्राचार्य द्वारा मुहरबंद निविदायें दिनांक **06 फरवरी 2020** अपरान्ह 12.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदायें इसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 से 3.00 बजे के बीच परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा की जा सकती है। निविदा के साथ प्रयुक्त किये जाने वाले कागज का नमूना एवं प्राचार्य,उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेज, वाराणसी के नाम रू0 5,000.00 का बैंक ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य है। निविदाकर्त्ता फर्म का व्यापार कर विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। मुद्रित सामग्री की आपूर्ति आदेश की तिथि से 10 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। निविदा के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

कार्य विवरण

1. 'अ' उत्तरपुस्तिका- मुख एवं अन्तिम पृष्ठ आफसेट प्रिंटिंग, पूरे में परफोरेशन, कुल 32 पृष्ट, साईज 22×36×8 रूलिंग, सिलाई एवं नम्बरिंग इत्यादि एवं कागज ओरियेण्ट 14.5 के0जी0(पुस्तिका किनारे से धागे से सिली हुई)
2. 'स' उत्तरपुस्तिका- मुख पृष्ट आफसेट प्रिंटिग, कुल 10 पृष्ठ, साईज 22×36×8 रूलिंग इत्यादि एवं कागज ओरियेण्ट 14.5 के0जी0
3. सभी उत्तरपुस्तिकाओं में **U.P.A.C.** परफोरेट किया जाना आवश्यक है।

नोट : कार्य विवरण की जानकारी एवं नमूने आदि के लिये परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य